icy to change News Readers on Doordarshan frequently and if so, the details thereof?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUM. GIRIJA VYAS): (a) Yes, Sir.

(b) No general reshuffle of News Readers or re-allocation of time-slots or removal has been effected as a result of the review.

(c) Yes, Sir. Some News Readers have submitted a representation based on the reports in a Section of the Press. The representation mainly states that it would have been better if the suggestions of the Review Committee were communicated to them privately or within the news forum and they would have willingly discussed and accepted the recommendations, where justified

Appropriate training is envisaged to improve the performance of the news presenters.

(d) No, Sir.

दूरदर्शन पर राज्यों की राजधानियों क दूसरे चैनल

390. **डा० अबरार अहमद :** क्या **सचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली--दूरदर्शन पर दो से अधिक चैनल कब से शुरू कर दिये जायेंगे;

(ख) देश के राज्यों की राजधानियों में दूरदर्शन पर दो चैनल कब से प्रारंभ कर दिये जायेंगे और किन-किन राज्यों में ऐसा किया जायेगा;

(ग) संसद-समाचारों के प्रसारण समय को, जो कि पर्याप्त नहीं है न बढ़ाये जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) दूरदर्शन पर सदस्यों के विचारों को अधिक समय दिये जाने की बजाय मंत्रियों के वक्तव्यों को अधिक समय दिये जाने के क्या कारण हैं जबकि मंत्रियों के वक्तव्यों को दूरदर्शन द्वारा प्रसारित अन्य समाचारों में भी सम्मिलित किया जाता है?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में **उपमंत्री (कु. गिरिजा व्यास) :** (क) इस समय ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

(ख) पृथक स्थानीय चैनल की सेवा जिसे टी०वी० के दूसरे चैनल के नाम से जाना जाता है, चार शहरों अर्थात् दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में पहले से ही उपलब्ध है। अन्य नगरों में ऐसी सुविधा प्रदान करना आठवीं योजना को अंतिम रूप दिये जाने के बाद साधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

(ग) टेलीकास्ट के लिये समय की कुल उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए, संसद् समाचार के टेलीकास्ट का समय बढ़ाना संभव प्रतीत नहीं होता।

(घ) संसद समाचारों के आलेख अनुभवी पत्रकारों द्वारा तैयार किए जाते हैं। संसद समाचारों अथवा अन्य बुलेटिनों में किसी विशेष समाचार को शामिल करना उस समाचार के महत्व पर निर्भर करता है।

एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम योजना में संशोधन किया जाना

391. **श्री अजीत जोगी :** क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पिछले अनुभव को देखते हुए एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम योजना में कोई नया संशोधन करने का विचार रखती है ताकि अड़चनों को दूर करके योजना के प्रभावी कार्यकरण को सहज बनाया जा सके;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;